RAS बनने का सपना देख रहे अभ्यर्थियों के लिए खुशखबरी, RAS 2017 के लिए आवेदन जल्द

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा भर्ती-2017 भी इसी वर्ष निकलेगी।

अजमेर.
राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा भर्ती-2017 भी इसी वर्ष निकलेगी। कार्मिक विभाग ने राजस्थान लोक सेवा आयोग को आरएएस भर्ती 2017 के लिए अभ्यर्थनाएं जल्द भेजने के संकेत दिए हैं।

आयोग ने गत दिनों कार्मिक विभाग को पत्र लिखकर आईएएस की तर्ज पर प्रतिवर्ष आरएएस भर्ती परीक्षा कराने का प्रस्ताव दिया था। आयोग की ओर से आरएएस भर्ती-2016 का आयोजन कराया जा रहा है। इसकी प्री परीक्षा 28 अगस्त को होगी। कार्मिक विभाग ने आयोग प्रशासन को संकेत दिए हैं कि आरएएस-2017 के लिए अभ्यर्थना आगामी सितम्बर महीने तक भेज दी जाएगी। राज्य सरकार के अन्य विभागों में भी विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थनाएं आयोग को अगस्त सितम्बर तक मिलेंगी।